डॉ0 रचना गुप्ता

डॉ0 रचना गुप्ता, हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला से ताल्लुक रखतीं हैं । उनका जन्म शिमला में हुआ । प्रारंभिक शिक्षा से लेकर पीएचडी की पढ़ाई भी शिमला से हुई । लेखन एवं संपादन से लेकर राष्ट्रीय दैनिक अखबार दैनिक जागरण में हिमाचल प्रदेश से महिला संपादक तक की भूमिका का सफर, दिल्ली इंडियन एक्सप्रेस समूह में जर्नलिज़्म से शुरू हुआ और फिर चंडीगढ़ में भी अपने कार्य को आगे बढ़ाते हुए, शिमला में राज्य स्तर की बड़ी जिम्मेदारियां निभाईं ।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार और समाजशास्त्र, विषयों में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद दोनों ही विषयों में स्नातकोत्तर उपाधी भी हासिल की। डॉ0 गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से ही समाज विज्ञान में **पीएचडी** भी की ।

उनकी पुस्तक राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा प्रकाशित (देवधारा–हिमाचल प्रदेश) पुस्तक ने काफी ख्याती प्राप्त की है । यह पुस्तक हिमाचल के बारे में बृहद् जानकारी संजोए है ।

डॉ0 रचना गुप्ता का लेखन से लेकर अखबार के संपादकीय प्रबंधन तक का कार्य सफर दो दशक से अधिक का रहा है । इन्होंने इंडियन एक्सप्रेस समूह दिल्ली से सर्वप्रथम पूर्णकालिक पत्रकारिता शुरू की । इसके पश्चात् इंडियन एक्सप्रेस समूह के चंडीगढ़ प्रकाशन केंद्र में उप संपादक, "जनसत्ता" में अपनी जिम्मेदारी निभाई । इसी समूह में शिमला में संवाददाता के तौर पर काम भी किया । तत्पश्चात् राष्ट्रीय हिंदी दैनिक व विश्व के सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले समाचार पत्र दैनिक जागरण में राज्य ब्यूरो चीफ की भूमिका में राज्य की रिपोर्टिंग टीम का प्रतिनिधित्व किया । दैनिक जागरण हिमाचल से राज्य संपादक के रूप में जिम्मेदारी निभाई। ज्वलंत मुददों पर विशेषज्ञ टिप्पणीकार के रूप में कई राष्ट्रीय न्यूज चैनलों, दूरदर्शन और आकाशवाणी में भी योगदान रहा । सामाजिक विषयों, राजनीतिक लेखों व विश्लेषणों के अलावा विधानसभा कार्यप्रणाली पर समीक्षा भी विषय विशेषज्ञ के तौर पर लगातार करती रहीं । हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग में छात्रों को विषय परक जानकारियों हेतू आमंत्रित विशेषज्ञ के रूप में भाग लेती रहीं ।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विकासात्मक पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतरीन लेखन हेतू **दो मर्तबा इन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार** प्राप्त हुए । हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के द्वारा चुनावों की सबसे अच्छी रिपोर्टिंग के लिए भी राज्य स्तरीय **पुरस्कार** भी मिला । जबकि कई अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा जर्नलिज़्म के क्षेत्र में पुरस्कृत भी किया गया है ।

डॉ0 रचना गुप्ता के द्वारा भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के साथ जार्डन, इस्त्राईल और फलिस्तीन देशों की यात्रा की गई । भारत व अंतरराष्ट्रीय संबंधों की रिपोर्टिंग के लिए विशेष टीम में भागीदारी रही । जापान सरकार के विशेष आमंत्रण पर G-8 Summit की पूर्व राष्ट्रीय रिपोर्टिंग हेतू दौरा किया गया । इस दौरान डॉ0 रचना गुप्ता टोक्यो, क्योटो, होकाईडो, सपोरो, वाकानाई और हनाडा गईं । अंतरराष्ट्रीय जर्नलिस्ट टीम में वह अकेली भारत का प्रतिनिधित्व कर रही थीं । मलेशिया सरकार के निमंत्रण पर पर्यटन कवरेज हेतू और थाईलैंड में भी रिपोर्टिंग कार्य के लिए भूमिका निभाई ।

डॉ0 रचना गुप्ता, हिमाचल प्रदेश सरकार और विधानसभा की मनोनीत कमेटियों की सदस्य भी रहीं । समाज में उपेक्षित वर्ग, शिशु एवं महिलाओं के उत्थान हेतू मदद का प्रयास करने में इनकी विशेष रूची है ।